卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 26 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦2 नवम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## अनंतनाग में मुठभेड़ ,दो आतंकी ढेर

जम्मू( उद ब्यूरो)। जम्मू और कश्मीर के अनंतनाग जिले में एक मुठभेड़ के दौरान एक विदेशी आतंकवादी और एक स्थानीय आतंकवादी को मार गिराया गया है। पुलिस के शीर्ष अधिकारियों के अनुसार, एक अन्य आतंकवादी अभी भी मुठभेड़ स्थल पर फंसा हुआ है और ऑपरेशन जारी है।यह मुठभेड़ बीते 12 घंटों में आतंकवाद से संबंधित चौथी घटना है, जिससे सुरक्षा बलों की चिंताएं बढ़ गई हैं। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ तब शुरू हुई जब सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद इलाके को घेर लिया। पुलिस ने कहा कि जैसे ही सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को आत्मसमर्पण



करने के लिए कहा उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप यह मुठभेड़ हुई। सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन को तेजी से जारी रखा है और स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के बाद, क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और स्थानीय निवासियों को सुरक्षा कारणों से सलाह दी गई है कि वे सुरक्षित स्थानों पर रहें। अधिकारियों ने कहा कि मुठभेड़ के दौरान किसी भी नागरिक के घायल होने की सूचना नहीं है। सुरक्षा बलों ने पिछले कुछ समय में आतंकवादियों के खिलाफ कई सफल ऑपरेशन किए हैं, लेकिन हाल की घटनाएं आतंकवाद के फिर से सिर उठाने का संकेत हैं। इस स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए सुरक्षा बल पूरी कोशिश कर रहे हैं।

## शीतकाल के लिए बंद हुए गंगोत्री के कपाट

उत्तरकाशी। चारधामों में प्रमुख गंगोत्री धाम के कपाट आज शनिवार को अन्नकूट पर्व पर शीतकाल के लिए दोपहर 12.14 बजे बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने के बाद मां गंगा के दर्शन उनके शीतकालीन पड़ाव मुखबा स्थित गंगा मंदिर में होंगे। वहीं, यमुनोत्री धाम के कपाट रविवार को भैयादूज पर्व पर दोपहर 12.05 बजे पर बंद होंगे। वहीं केदारनाथ धाम के कपाट भी कल रविवार को शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे।



गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने के मौके पर धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। हर-हर गंगे..जय मां गंगे के जयकारों से इस दौरान धाम गूंज उठा। श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि( शेष पेज सात पर )

## मंदिरों में हुई गोवर्धन पूजा: अन्नकूट प्रसाद किया वितरित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गोवर्धन पूजा के अवसर पर आज नगर के मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा विधिविधान से गोवर्धन पूजा की गई। पंडित जी द्वारा बताया गया कि भगवान श्री कृष्ण द्वारा तेज बरसात से ग्राम के लोगों को बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी तंजली अगुली पर उठा लिया गया था। जिसके नीचे आकर सभी ग्रामवासियों व मवेशियों ने अपनी जान बचाई। दिवाली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। मथुरा और वृंदावन में गोवर्धन पूजा का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। कथानुसार भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों और जानवरों को द्वापर युग में इंद्र देव के प्रकोप से बचाव के लिए अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर सबकी रक्षा की थी। तभी से





इस पर्वत को पूजनीय माना गया है और हर साल इसी तिथि पर विधि-विधानों के साथ गोवर्धन पर्वत की पूजा की जाती है. साथ ही, अन्नकूट का प्रसाद भी तैयार किया जाता है जिससे गोवर्धन महाराज और भगवान कृष्ण को भोग लगाया जाता है। इस दिन गाय के गोबर से सभी अपने घरों के आंगन में गोवर्धन पर्वत की प्रतिमा बनाकर पूजन करते हैं जिसके लिए अन्नकूट का प्रसाद बनाया जाता है। यह प्रसाद विशेष होता है, क्योंकि माना गया है कि जब बारिश के कारण सभी ने पर्वत का सहारा लिया था, तब भोजन के लिए जिसके घर में जो सब्जी उपलब्ध थी वह लेकर आए और सभी सब्जियों को मिलाकर आग पर पकाया गया था तभी से इस सब्जी को गोवर्धन का प्रसाद माना गया है। यह पर्व कृषि और अन्न की महत्ता को रेखांकित करता है और यह याद दिलाता है कि मनुष्य को हमेशा प्रकृति के प्रति कृतज्ञ रहना चाहिए। गोवर्धन पूजा का यह उत्सव न केवल हमारी धार्मिक आस्था को मजबूत करता है बल्कि यह प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखने की प्रेरणा भी देता है. इसलिए, अन्नकूट का भोग गोवर्धन पूजा का एक अभिन्न अंग है जो भक्ति और समर्पण का प्रतीक है। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में प्रातः पं. पुष्पेन्द्र शास्त्री ( शेष पेज सात पर )

## लूटपाट के लिए की थी नीरज की हत्या

### पुलिस ने हत्यारोपी को लूट के सामान सहित किया गिरफ्तार

किच्छा (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नारायणपुर के पास सिडकुल कर्मी नीरज की हत्या किए जाने के मामले का पुलिस द्वारा आज खुलासा कर दिया गया। सिडकुल कर्मी की हत्या लूट के इरादे से की गई थी हत्यारे को पुलिस ने लूट गए सामान सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 28 अक्टूबर की रात्रि को पुलिस का सूचना मिली कि ग्राम नारायणपुर के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर



पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया तथा मृतक की पहचान करने में जुट गई। उन्हांने बताया कि इसी कड़ी में पुलिस को पता लगा कि मृतक हल्द्वानी निवासी है तथा उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। गुमशुदगी के आधार पर पुलिस ने मृतक के परिजनों से संपर्क साधा तथा मृतक की पहचान करवाई। मृतक के पहचान करने के बाद मृतक के भाई ने अज्ञात हत्यारे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें कहा गया था कि उसका बड़ा भाई नीरज कुमार पन्त पुत्र बसन्त बल्लभ पन्त निवासी मानपुर पश्चिम, देवलचौड़ रामपुर रोड हल्द्वानी 28 अक्टूबर दोपहर घर से बजाज आँटो लिमिटेड पन्तनगर में कंपनी की बस से ड्यूटी करने गया था। जो कि ड्यूटी खत्म होने के बाद घर वापस नही पहुंचा तो हम लोगो द्वारा बाजार चौकी रुद्रपुर पर अपने भाई की( शेष पेज सात पर )

## घर में फांसी पर लटकी मिली युवती

किच्छा (उद संवाददाता)। गत रात्रि थाना पुलभट्टा के ग्राम सिरौली कला वार्ड 18 में एक युवती अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकी पाई गई। परिजनें ने उसे ऐसी हालत में देखा तो शोर मचाया। जिससे आस पड़ोस के लोग भी आ गये। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार सिरौली कला वार्ड 18 निवासी हनीफ का परिवार गत रात्रि घर में मौजूद था। उसकी 17 वर्षीय पुत्री अलीना अपने कमरे में मौजूद थी। इसी दौरान अलीना का छोटा भाई जब उसके कमरे में गया तो उसने बहन को फांसी पर लटका देखा। उसके शोर मचाने पर सभी परिजन वहां आ गये। आनन फानन में अलीना को फांसी से नीचे उतारा गया। बताया जाता है तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शोर की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग भी वहां आ गये। घटना की सूचना मिलने पर महिला एसआई रिनी चौहान व महिला कांस्टेबल ममता ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतका के दो भाई व तीन बड़ी बहनें हैं। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

## जमीन धोखाधड़ी में दो गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब दो वर्ष पूर्व ट्रांजिट कैम्प स्थित भूखण्ड को विक्रय करने के बाद क्रेता के पक्ष में रजिस्ट्री न करने के एक मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले के दो आरोपी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनुज पाठक एवं उसके भाई पंकज पाठक को गिरफ्तार कर लिया है।बताया जाता है कि किशनपुर किच्छा निवासी किशन सिंह पुत्र स्व. ज्ञान सिंह ने 13 अगस्त 2024 को दर्ज कराई रपट में आरोप लगाते हुए कहा था कि उसने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर एक भूमि जिसका राजस्व ग्राम लोहरी है कुल रकबा 2.5157है0 जो राजस्व अभिलेखो में अनुज पाठक और पंकज पाठक के नाम से दर्ज है में से पाँच एकड़ भूमि खरीदने का इकरारनामा अनुज पाठक व पंकज पाठक के साथ किया गया था। जिसके संबंध में एक इकरारनामा 8 मार्च 2022 को किया गया था। इकरारनामें से पूर्व ही एक एकड़ भूमि उसके व उसके सहयोगी जयवर्धन के पक्ष में विकेता द्वारा विकय कर दिया गया था। भूमि पर पूर्ण रूप से काबिज होकर डपलपमेन्ट किया गया। इकरारनामें में कुल रजिस्ट्री 1,62,00,000 रूपये विक्रेता अनुज पाठक व पंकज पाठक को उसके एकाउन्ट में दिये जा चुके है व कुल भूमि में से ढाई एकड़ भूमि की रजिस्ट्री जिसका मूल्य 1,33,00,000 रूपये है की रजिस्ट्री कराई जा चुकी हैं व बकाया रूपये 29,00,000 रूपये बची हुई 1.5 एकड भूमि में एडवान्स के रूप में जमा है। उसका कहना है कि इकरारनामें के अनुसार तय समय से पूर्व ही बकाया 29,00,000 रूपये लेकर उक्त बची हुई भूमि को अपने हक में रजिस्ट्री कराने का अनुरोध किया तो विकेता द्वारा कुछ इन्कम टैक्स की परेशानी बताकर कुछ स्कबे की रजिस्ट्री कर दी और बाकी रजिस्ट्री 31 मार्च के बाद करने का आशवासन दिया। 31 मार्च के बाद ( शेष पेज सात पर )

## सड़क हादसे मे महिला की मौत

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। करीब आठ वर्ष पूर्व पिता चले गये थे छोड़कर



तो वही शुक्रवार को हादसे मे माँ की भी मौत हो गयी। घटना शक्तिफार्म क्षेत्र के गांव सुरेंद्रनगर निवासी 45 वर्षीय महिला संगीता सरकार पत्नी हरिपद सरकार शुक्रवार को घर से कुछ ही मीटर की दूरी पर रहने वाले अपने भाई के यहां पैदल जा रही थी। तभी अचानक पीछे से आई कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इससे महिला गंभीर( शेष पेज सात पर )

## स्कूटी और बाईक की भिड़ंत में युवक की मौत

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। किच्छा हाइवे पर स्कूटी और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मृत्यु हो गई। इसका पता चलते ही स्वजन में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।पुलिस के अनुसार किच्छा रोड डायनेमिक कालोनी निवासी 28 वर्षीय नरेंद्र कुमार पुत्र जयराम शुक्रवार रात बाइक से रुद्रपुर से घर की ओर जा रहा था। इस दौरान कालोनी के पास पहुंचकर जब वह ( शेष पेज सात पर )


Haier
World's No.1
Brand in Major Appliances
गुरू मां
This Diwali
CELEBRATE
BIG MOMENTS
SMART SENSE AI
SIDE BY SIDE REFRIGERATOR
Smart WIFI Connectivity
Smart Food Management
Smart Convertible 3Door
Deo fresh Technology
Jumbo Ice-Maker
Range available from 531 L to 712 L
DISCOVER THE FUTURE OF
LAUNDRY WITH AI DBT
Enhanced Washing Quality
Vibration Free Performance
Removes Up To 72 Hour Old Stains
5 YEAR Complete Warranty*
30 Days Money Back Guarantee*
Range available from 6 KG to 12 KG
AI DBT
INBUILT HEATER
OLED | QD MINI | QLED
POWERED BY GoogleTV
Range available from 81 cm to 2.48 m
EXCITING OFFERS
UP TO 22.5% INSTANT CASHBACK*
1 EMI OFF*
EXTENDED WARRANTY
PAY ₹1 TAKE HAIER HOME*
FIXED EMI STARTING ₹994#
SCAN TO KNOW MORE
AMERICAN EXPRESS
DBS
pine labs
SBI card
YES BANK
*Source Euromonitor International Limited; Consumer Appliances 2024ed, % unit share, 2023 volume sales data. | *T & C Apply. Features may vary model to model.
GURU MAA ELECTRONICS
RUDRAPUR Ph.: 9690282777 84108 88888
HALDWANI Tikonia - 9997207007 Pilikothi - 8923468434
KASHIPUR Ramnagar Road Ph. 8791989500
GADARPUR Gurunanak Enterprises Ph.: 9927850999
MORADABAD Kant Road Ph.: 7500839146 Rampur Road, Ph. 9719077772
KICHHA Deepak Electronics Ph.: 7017575920
PITHORAGARH Shiv Enterprises 9760633187
LALKUAN New Radhey Communication 8923493000
HARIDWAR Jawalapur Ph.: 9761699704

# इक्यावन हजार मिट्टी के दीये और बत्ती के पैकेट का वितरण किया

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू सदस्य अमन कुमार के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से भारतीय सेना के शहीद जवानों के सम्मान में दीपावली की शुभ संध्या पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक दीया शहीदों के नाम से संस्था पदाधिकारियों ने हल्द्वानी कालाढूंगी चौराहे में स्टॉल लगाकर इक्यावन हजार मिट्टी के दीये और बत्ती के पैकेट का वितरण किया। इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू सदस्य मनीष साहू ने संयुक्त रूप से कहा कि भारतीय सेना के जवान अपनी जान की परवाह न करते हुए भारत एवं भारतवासियों को हमेशा सुरक्षित रखते है क्योंकि भारतीय सेना के जवान हजारों फुट की ऊंचाई पर अपनी हड्डियाँ गलाकर दुश्मनों की हर हरकत पर पैनी निगाह रखते हुए दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देकर दुश्मनों को संभलने तक का मौका भी नहीं देते है तब जाकर हम अपने अपने घरों में सुरक्षित रहते है। और तभी हम अपने सारे त्यौहार पूरी खुशी के साथ मना पाते है इसलिए भारतीय सेना के शहीद जवानों के बलिदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। इसीलिए एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था भारतीय सेना के शहीद जवानों के सम्मान में एक दीया शहीदों के नाम से इक्यावन हजार मिट्टी के दीये और बत्ती के पैकेट बनाकर वितरण कर रही है। जिससे हम सभी दीपावली पर एक दीया शहीदों के नाम जलाकर अपने शहीदों को श्रद्धांजलि देकर उनके प्रति श्रद्धा भाव प्रकट कर उनके बलिदान को हमेशा याद रखें। ये हम सभी भारतीयों का परम कर्तव्य है। इस क्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यातायात निरीक्षक शिवराज बिष्ट ने लोगों को दीये के पैकेट वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान दीये पैकेट बांटने में संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू कोषाध्यक्ष बलराम हालदार मार्गदर्शक अलका टंडन पूर्णिमा रजवार योगिता बनोला दीपा रावत मोनिका आर्या एकता पाण्डेय जया जोशी रेखा बलूनी रोहित मसीह मनीष साहू अमन कुमार रिंकी गुप्ता पूनम गुप्ता सूरज मिस्त्री सुशील राय पंकज कुमार सूरज कुम्हार दीपक कुमार मुकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।






# आतिशबाजी से निकली चिंगारी से दो दुकानें जलकर राख

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। दीपावली के अवसर पर हुई आतिशबाजी से निकली चिंगारी के कारण श्याम टाकीज रोड पर मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम के नजदीक लगी आग से दो दुकानें जलकर राख हो गई। जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल मौके पर पहुंचे, और उन्होंने अग्निकांड पीड़ित रविंद्र नगर वार्ड नंबर 37 निवासी सोहन पाल पुत्र मटरू लाल जिनका शिवा भोजनालय के नाम से दुकान थी और नजदीक में हेयर कटिंग सैलून के स्वामी वीरेंद्र श्रीवास्तव से मुलाकात की, और उन्हें ढाढस बंधाया,उल्लेखनीय है कि दीपावली की रात्रि आतिशबाजी की चिंगारी से श्याम टॉकीज के सामने दो दुकानें जलकर राख हो गई, एक दुकान रविंद्र नगर वार्ड नंबर 37 निवासी सोहन पाल पुत्र मटरू लाल की शिवा भोजनालय के नाम से थी, जो भोजनालय के साथ-साथ आस पास लगने वाले मेलों में दुकान लगाने का काम करते थे, वहीं दूसरी दुकान हेयर कटिंग सैलून की थी, और भीषण अग्निकांड के बाद इन दोनों ही दुकानों में लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया, इधर जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल मौके पर पहुंचे और दोनों ही पीड़ित दुकानदारों से और उनके परिजनों से मुलाकात की, और उन्हें ढाढस बंधाया,इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश कुटोला से बात की और अग्निकांड के बारे में उन्हें अवगत कराया, उन्होंने अग्निकांड पीड़ितों को अधिक से अधिक मुआवजा दिलाए जाने की मांग की।



# इंदिरा गांधी और सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में देश की पूर्व प्रधानमंत्री लोह महिला श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और देश के प्रथम गृहमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन के अवसर पर शहर मैं स्थित उनकी मूर्तियों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए, और सभी कांग्रेस जनों ने उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इससे पूर्व गांधी पार्क में देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता श्रीमती शर्मा के नेतृत्व में एकत्र हुए, जहां उन्होंने स्वर्गीय गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। बाद में सभी कांग्रेस कार्यकर्ता आवास विकास पहुंचे, जहां पटेल पार्क में स्थित देश के पहले गृहमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। यहां श्रीमती शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हमें श्रीमती गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल के बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। जिससे हम देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बना सके। कार्यक्रम में श्रीमती शर्मा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद,प्रदेश कांग्रेस सेवादल के सचिव रामाधारी गंगवार,जयवीर गंगवार,मेवालाल गंगवार, निगम पार्षद अशफाक अहमद, नगर पालिका परिषद के पूर्व नामित पार्षद उमर अली सलमानी,पूर्व सभासद कालीचरण बाल्मिकी,प्रशांत कपूर, दिनेश मौर्य,सुदर्शन शर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# खालसा मशीनरी स्टोर में आग से सामान जलकर राख

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के मेन बाजार में रात्रि लगभग 9 बजे खालसा मशीनरी दुकान के अंदर अचानक आग लग लग गई जिससे हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने बामुश्किल आग पर काबू किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के कृष्णा पेट्रोल पंप के सामने खालसा मशीनरी दुकान पर रात्रि लगभग 9 बजे अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई। दुकान से धुंआ निकलते देख पड़ोस के एक युवक ने दुकान स्वामी अमरदीप सिंह सोनू को फोन पर सूचना दी। वही सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम भी वाहन सहित मौके पर पहुंच गई। आसपास के लोगों ओर फायर बिग्रेड ने किसी तरह आग पर काबू पाया। थाने से पहुंची पुलिस ने भी मौका मुआयना किया। दुकान स्वामी ने बताया कि अंदेशा है कि मंदिर के पास लगी लाइटों से कोई नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया आग से कंप्यूटर,डीजल फिल्टर,इलेक्ट्रिकल मीटर कंबाइन के सहित काफी सामान जलकर राख हो गया है। उन्होंने बताया लगभग 4 लाख रु का नुकसान हुआ है। समाचार लिखे जाने तक तहसील का कोई भी कर्मचारी या अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे।








# नेहरू युवा केंद्र ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर की प्रतियोगिता आयोजित



गदरपुर(उद संवाददाता)। नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर के तत्वाधान में विकासखंड गदरपुर की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सुश्री तनीषा चावला द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस की पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन गदरपुर के ब्लॉक सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची उत्तराखंड महिला आयोग की सदस्य श्रीमती कवलजीत कौर विशिष्ट अतिथि हिंदी सेवी सम्मान से सम्मानित श्रीमती रेखा रानी व नवयुग युग विद्या मंदिर की प्रधानाचार्य श्रीमती अंजू उनियाल द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम संयोजक तनीषा चावला व पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मुस्कान चावला द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में करवाई गई निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों और युवाओं को अपनी शिक्षा पर अधिक ध्यान देना चाहिए क्योंकि शिक्षा ही सफलता का माध्यम है व हमें लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जीवनी व विचारधारा से शिक्षा लेकर सदैव दृढ़ निश्चयवादी व निडर बने रहना चाहिए। हिंदी प्राध्यापिका ने कहा जिस प्रकार इतिहास में सरदार वल्लभभाई पटेल ने संपूर्ण देश को एकता के सूत्र में पिरोया था उसी प्रकार हमें भी एक साथ रहकर देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। नवयुग विद्या मंदिर की प्रधानाचार्य ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के बीच में आयोजित होती रहनी चाहिए क्योंकि इससे बच्चों की प्रतिभा को एक मंच मिलता है। नगर पालिका की ब्रांड एंबेसडर मुस्कान चावला ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम भारत की एकता को समर्पित कार्यक्रम है राष्ट्रीय एकता दिवस की शुरुआत सन 2014 में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा की गई थी। इस कार्यक्रम में नवयुग विद्या मंदिर की अध्यापिका फूल जहां सहित अलीशा, रिमझिम ,कुमारी, पीयूष,शिवांग, साहब, श्रेया,अलीना, फलक, अलशिफा सहित भारी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# गुरूद्वारा कमेटी ने नहीं लगाई दीपमाला

नानकमत्ता। 1984 के सिख दंगे के 40 वर्ष पूरे होने पर अकाल तख्त साहिब अमृतसर के जत्थेदार के आदेश पर गुरूद्वारा प्रंबधक कमेटी द्वारा दीपामाला नही की गई। ये जानकारी देते हुये गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान स0 अमरजीत सिंह ने बताया कि 1 नवम्बर को अकाल तख्त साहिब अमृतसर से एक आदेश मिला है कि 1984 सिक्ख दंगे जिसमें कई सिक्खों का कत्लेआम हुंआ, जिसे सिक्ख समाज 40 वर्ष बीत जाने के बाद नही भूला है और न ही सिक्ख दंगे के आरोपियों को सजा मिली है। जिससें समाज में दंगो का जख्म अभी तक नही भर है, और न ही भविष्य में कभी भर पायेगा। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अकाल तख्त के आदेश का पालन करते हुये गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी द्वारा दीपमाला न करने का निर्णय लिया है।

# मेले को व्यवस्थित रूप से लगाया गया : रंजीत बल

नानकमत्ता। गुरूद्वारा मेले में लगी दुकानों को व्यवस्थित रूप से लगाया गया है , ये जानकारी देते हुये गुरूद्वारा मेंला के कान्ट्रेक्टर रंजीत सिंह बल ने बताया कि प्रथम बार प्रशासन व पुलिस के सहयोग से मेंले में लगने वाली दुकानों को रोड पर नही लगाया गया है, मेंले में आने वाले दुकानदारों को मैदान में दुकानें आवंटित की गई है। ताकि यातायात में कोई व्यवधान न आने पाए, और मेंले में आने वाले श्रदालुंओ को असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके साथ ने रास्ता भी चौड़ा बनाया गया है, ताकि श्रदालुं सही तरीके से मेंले में खरीदारी कर सकें।



# उत्तराखण्ड का होगा सदी का तीसरा दशक : पुष्कर धामी

## खटीमा पहुंचने पर मुख्यमंत्री का छोलिया नृत्य के साथ किया भव्य स्वागत किया ,बनबसा में भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित कर दी शुभकामनाएं ,चम्पावत में एसएसबी और आईटीबीपी के जवानों के साथ मनाई दीपावली

खटीमा/चंपावत/बनबसा( उद संवाददाता)। दीपावली के अवसर पर शुक्रवार को सूबे के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी अपने कैम्प कार्यालय लोहिया हेड, खटीमा पहुँचे। मुख्यमंत्री श्री धामी के खटीमा पहुँचने पर छोलिया दल के द्वारा उत्तराखंड के पारम्परिक छोलिया नृत्य के साथ भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने लोहिया हेड पहुँचकर क्षेत्र की जनता से मुलाकात कर सभी को दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज की बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कैम्प कार्यालय पर जनता से संवाद किया व जनसमस्याएं सुनी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्र की जनता द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी का फूल मालाओं से जोरदार किया गया व महिला स्वयं साहयता समूह द्वारा स्वनिर्मित दीये भेंट किये। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री अनिल कपूर डब्बू, निवर्तमान उपाध्यक्ष किसान आयोग राजपाल सिंह, रमेश चंद्र जोशी, निवर्तमान मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, सांसद प्रतिनिधि दीपक तिवारी, ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी, जिला महामंत्री सतीश गोयल, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, निदेशक मंडी आरडी पालीवाल, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, एएसपी मनोज कत्याल, एडीएम पंकज उपाध्याय दान सिंह राणा, कामिल खान, राजेश राणा, ईश्वर बंसल, सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत में एसएसबी और आईटीबीपी के जवानों की ओर से आयोजित दीपावली मिलन समारोह में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जवानों के साथ दीपावली मनाकर पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान जवानों को प्रकाश के पर्व दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माँ भारती की रक्षा में सीमाओं पर डटे हमारे वीर जवानों के बलिदान के कारण ही हम अपने परिवारों के साथ सुरक्षित रह कर त्यौहार का आनंद ले पाते हैं। हमें अपने वीरों पर गर्व है मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीपावली मिलन कार्यक्रम के तहत एनएचपीसी गेस्टहाउस बनबसा में आयोजित एक कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी पूर्व सैनिकों को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि एक सैनिक अपने सेना व अध 'सैन्य बल में अपनी सेवाकाल के दौरान देश की रक्षा का कार्य करता जब वह अपनी इस सेवा से सेवानिवृत्त हो जाता है,उसके उपरांत वह समाज की सेवा में जुट जाता है इसलिए कोई भी सैनिक भूतपूर्व सैनिक नहीं होता है वह हमेशा ही देश की सेवा में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने वाला वीर सैनिक होता है। जब वह सरहदों पर सेना के सुरक्षा कवच के रूप में तैनात होता है,तब वह देश की सुरक्षा कर रहा होता है और जब वह सेवानिवृत्त होकर घर आता है फिर सामाजिक सेवा करने लग जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली के शुभ अवसर पर आज उन सबके बीच में आकर मैं बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। जिन्होंने सेना में रहकर लगातार देश की सीमाओं की रक्षा कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है,जो आज भी उसी प्रकार समाज के हित के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं भी सेना के परिवार से हूँ। सेना के साथ ही रहकर पला बढ़ा हूं वहीं के संस्कार मुझे मिले हैं। पूर्व सैनिकों के साथ जाकर उनकी सेवा करने का अवसर मुझे जो प्राप्त हुआ है मैं उसके लिए मैं अपने आप को भाग्यशाली मानता हूँ। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भारत की सेना का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। देश की आजादी के बाद हमारी सेना ने जितने भी युद्ध लड़े उसमें अपना अदम्य साहस हमारे वीर सैनिकों ने दिखाया है। कारगिल युद्ध में हमारे वीर सैनिकों ने अदम्य साहस दिखाकर भारतीय सेना ने पुरे विश्व को एक वीर सेना के रूप में प्रस्तुत किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिकों तथा उनके परिवारजनों की अनेक प्रकार की समस्या होती हैं और सरकार समस्या का निदान तत्परता से कर रही है। हमारी सेना में देश भक्ति का जज्बा दिखता है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा वन रैंक वन पेंशन जैसे निर्णय लेकर सैनिकों के मनोबल को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि भारत की सेना गोली के बदले गोला फेंककर दुश्मनों को खत्म करती है। आज दुनिया की कोई भी शक्ति भारत के सामने टिक नहीं सकती। आज भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ा है हर क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर हैं डिजिटल पेमेंट करके विश्व में पहला स्थान भारत का है। छोटा से छोटा व्यवसाई डिजिटल पेमेंट कर रहा है। आज भारत दुनिया का नेतृत्व करने की दिशा में आगे बढ़ा है। 2047 में भारत एक विकसित भारत बन जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के साथ-साथ हमारा राज्य भी अनेक विकास कार्य वीर सैनिकों व उनके आश्रितों के हित में कर रहा है। अनेक विकास कार्य राज्य में हो रहे हैं,सैनिकों के सम्मान हेतु देहरादून में सैन्यधाम का निर्माण हो रहा है। जनपद चंपावत में गंगा कॉरीडोर की तर्ज पर सारदा कॉरीडोर का निर्माण आगामी समय में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री ने कहा कि 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा ।उसी के अनुरूप राज्य निरंतर प्रगति कर रहा है। राज्य में यूसीसी विधेयक लागू होने जा रहा है। राज्य में नकल विरोधी कानून लागू किया गया आज 18,500 सरकारी नौकरी बिना किसी गड़बड़ी के यहां के बेरोजगारों को मिली है।100 से अधिक नकल माफियाओं को जेल में डालने का कार्य सरकार द्वारा किया गया है। राज्य में धर्मांतरण कानून सरकार द्वारा बनाया गया। लैंड जिहाद, लव जिहाद को रोकने का कार्य सरकार द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि थूक जेहाद को किसी भी प्रकार से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । यह राज्य में कतई नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार सैनिकों के हित के प्रति कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के बलिदानी सैनिकों के परिजनों को मिलने वाली 10 लाख रुपए की धनराशि को बढ़ाकर 50 लाख रुपए करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार की दीपावली बहुत विशेष है, क्योंकि 500 वर्षों से हम प्रतीक्षा कर रहे थे कि भगवान राम अपने घर में आएंगे। आज वे अपने घर पर विराजमान हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले के समय में हम बड़ी संख्या में विदेश से हथियार खरीदते थे, लेकिन आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर बन रहा है और आज 200 से भी अधिक सैन्य उपकरण स्वदेश में तैयार हो रहे हैं। जिसका इस्तेमाल भारत की सेना द्वारा किया जाता है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पाटी में सैनिक कल्याण विभाग की भूमि पर सैन्य बहुउद्देश्यीय केन्द्र के लिए डीपीआर तैयार कर स्वीकृति प्रदान करने, चंपावत में एनसीसी की कंपनी शीघ्र खोलने, चंपावत जिला मुख्यालय में इसीएचएस खोले जाने हेतु भूमि का चयन कर जिलाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने की भी बात कही।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल महरा, प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार,भूतपूर्व सैनिक संगठन के जिलाध्यक्ष के भानी चंद, जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति भारत के साथ ही भारतीय सेना में तैनात नेपाल के पूर्व सैनिक आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सैनिक पुष्कर कापड़ी द्वारा किया गया। अपने बनबसा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बनबसा बाजार में पैदल भ्रमण कर स्थानीय जनता व व्यापारियों से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की बधाई व शुभकामनाएं दी।उन्होंने सभी के दीर्घायु,सुख एवं शांति की कामना की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जाकर उनको दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान स्थानीय जनता ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत करते हुए उन्हें दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी
















# गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में बंदी छोड़ दिवस पर दस दिवसीय मेला शुरू

## हजारों श्रदालुओं ने पीपल साहिब में दीप जलाकर परिवार की सुख शांति की कामना की, मेले में लगे झूले सर्कस में बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में बंदी छोड़ दिवस एंव दीपावली पर्व पर दस दिवसीय मेंले का आगाज हो गया। मेले में हजारों श्रदालुओं ने दीपावली की पूर्व संध्या पर गुरूद्वारा साहिब में दीप जलाकर एंव गुरूद्वारा साहिब में मत्था टेक गुरू घर की खुशियां प्राप्त की। ऐतिहासिक गुरूद्वारा साहिब में दस दिवशीय लगने वाले मेंले का दीपावली की पूर्व संध्या पर गुरूद्वारा साहिब के प्रधान जोगेन्द्र सिंह संधु ने उदघाटन किया। इसी के साथ दीपवली पर्व एंव बंदी छोड़ दिवस पर आयोजित मेंले का आगाज हो गया। दीपावली पर्व की पूर्व संध्या पर हजारों की तादात में पंजाब , यूपी के बरेली, एटा, इटावा, रामपुर, पीलीभीत, पुरनपुर, बदायु के अलावा उत्तराखण्ड के हजारें की तादात में श्रदालु गुरूद्वारा साहिब में शीश नवाने पहुंचे। संगत ने गुरूद्वारा साहिब में मत्था टेक गुरू घर से अपने परिवार की सुख शांति की कामना के



साथ पीपल साहिब में दीप जलाकर दीपावली मनाई। बंदी छोड़ दिवस पर गुरूद्वारा साहिब के दीवान हॉल में रागी ढाढ़ी जत्थे गुरवाज सिंह आजाद, सुखविन्द्र सिंह अनमोल, पुरन सिंह हर्ष, सुखवंत सिंह के जत्थे ने संगत को गुरू नानक देव जी के बताएं मार्ग पर चलने का उपदेश दिया। मेलें को लेकर गुरूद्वारा कमेटी के प्रधान जोगेन्द्र सिंह संधु एंव प्रबंधक रणजीत सिंह व प्रषासन द्वारा पिछले एक माह से व्यापक तैयारी की गई थी। गुरूद्वारा साहिब को भव्य रूप से सजाया गया था। गुरूद्वारे में आने वाल संगत के लिए गुरू का अटुट लंगर बरतने के साथ ही श्रदालुओं के सामान को रखवाने के लिए गठरी घर में सेवादार सेवा दे रहे थे। पुलिस प्रशासन द्वारा मेले की सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किए हुए थे। थानाध्यक्ष देवेन्द्र गौरव व मेला इंचार्ज शंकर सिंह विष्ट लगातार मेले की सुरक्षा को लेकर जायजा लेते रहे। इस मौके पर प्रधान जोगेन्द्र सिंह संधु, महासचिव अमरजीत सिंह, सचिव हरभजन सिंह, डायरेक्टर गुरवंत सिंह सोनी, निर्मल सिंह, प्रकाश सिंह, देवेन्द्र सिंह, गुरूदयाल सिंह, सुखवंत सिंह पन्नु, चरणजीत सिंह ,गुरबाज सिंह व्लाक प्रमुख अमरिया निषान सिंह,सुखवंत सिंह भुल्लर, रणजीत सिंह राणा आदि मौजूद थे।

## हजारों की संख्या में पहुंचे लाल गुरू के अनुयायी

नानकमत्ता। गुरूद्वारा साहिब में दीपावली पर्व पर लाल गुरू को मानने वाले हजारों की तादात में उनके अनुयायी दर्षन करने पहुंचे , अनुयायिओं ने लाल गुरू गुरूद्वारे में मत्था टेक पीपल साहिब की परिक्रमा कर दीप जलाया। जिसके पष्चात लाल गुरू के अनुयायी ने अपने बच्चों को मुन्डन कराया। लाल गुरू गुरूद्वारें में कमेंटी द्वारा दीवान लगाकर संगत ने गुरू नानक देव व लाल गुरू के इतिहास के बारे में बताया। दीपावली पर्व पर आयोंजित मेंले में लगी दुकानों में खरीदारों ने जमकर खरीदारी की। मेंले में निषानी के तौर पर तलवार, कृपाण लेने वाले अधिक संख्या में खरीदारी करते दिखाई दिए। तो वही मेला स्थल पर लगें झुले सर्कष में भी बच्चों ने झुला एंव सर्कस व मौत को कुंआ देखने वालो ने जमकर लुत्फ उठाया। मेला ठेकेदार रनजीत सिंह साबी ने बताया कि मेंले में दुकाने व्यवस्थित तरीके से लगाई गई है, जिससें कि दुकानदार व श्रदालुओं एंव खरीदारों को कोई दिक्कत न हो।

## मेले में जेबकतरों व चोरों को बोलबाला

नानकमत्ता। मेंले की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था होने के बाद भी चोर ,जेबकतरें सक्रिय दिखाई दिए। पुलिस एंव प्रषासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे, मेंले की निगरानी के लिए मेंला परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ मेंला परिसर के पास ही अस्थाई चौकी बनाकर पुलिस निगरानी कर रही लेकिन इसके बावजुइद भी मेंले में प्रथम दिन चोर व जेबकतरें सक्रिय नजर आए। जेबकतरों व चोरो ने सितारगंज की महिला की लंगर हाल में भीड़ के दौरान सोने की चेन खींच ली तो वही बाऊली साहिब में बैंग चोरी हो गया इधर वार्ड 5 नानकमत्ता निवासी जरनैल सिंह का पर्स जिसमें करीबन 7 हजार व एटीएम कार्ड रखे थे।







## गुरूद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज में किया हरिजस गायन

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड की सीमा पर स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोविंद सर नवाब गंज में बंदी छोड़,दीपावली एवं अमावस के अवसर पर सजाए गए भारी गुरमत समागम के प्रथम दिन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग के उपरांत हजूरी रागी भाई हरजीत सिंह द्वारा मनोहर गुरबाणी कीर्तन किया गया, ढाढ़ी जत्था भाई दीदार सिंह संगतपुर श्री अमृतसर द्वारा श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी के बंदी छोड़ के ऐतिहासिक दिवस पर प्रकाश डाला,कविश्री जत्था भाई दिलबाग सिंह कालेके पंजाब एवं सतनाम सिंह शौकी द्वारा ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित इतिहास श्रवण करवाते हुए गुरु वाले बनने का आहवान किया कार्यक्रम में कथा वाचक भाई जसवीर सिंह, हरविंदर सिंह एवं नरेंद्र सिंह द्वारा भी गुरबाणी की कथा एवं विचार प्रकट किए गए दो दिवसीय समागम मेंरात्रि के दीवाने मेंशाहजहांपुर के बाबा करम सिंह द्वारा भी सहभागिता करते हुए कथा कीर्तन के साथ संगत को नाम जपना ,किरण करनी, बांट कर खाना सहित गुरबाणी



अनुसार धर्म के प्रति जागरूक किया । इस दौरान दिन लगातार गुरु का लंगर अटूट चलता रहा। बाबा गुरमीत सिंह ने सभी संगत से कार्यक्रम अनुसार सहभागिता करने पर धन्यवाद किया । रात्रि में गुरुद्वारा साहिब जी इमारत पर सजावट एवं विद्युत लड़ियां सुंदर नजारा पेश कर रही थी । दूर दराज से आकर संगत ने गुरु घर की हाजिरी भरते हुए पवित्र सरोवर में स्नान तथा सेवा करते हुए पुण्य कमाया । गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार बाबा गुरमीत सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा से संबंधित मीरी पीरी खालसा अकादमी रतनपुरा में बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ धार्मिक शिक्षा विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए शिविर लगाए जाते हैं अकादमी के होनहार बच्चों द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों में हुए खेलो एवं प्रतियोगिता में शामिल होकर गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल एवं ट्राफियां तथा अन्य पुरस्कार जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज पहुंचने के लिए काशीपुर रुद्रपुर रोड पर महतोष होकर तथा बिलासपुर सवार रोड से भी पहुंचा जा सकता है पंजाब, दिल्ली तथा अन्य क्षेत्रों से पहुंचने वाली ट्रेन रूद्रपुर एवं बिलासपुर तक पहुंचती है वहीं दूर दराज की रोडवेज बसों द्वारा भी बिलासपुर, रुद्रपुर एवं गदरपुर पहुंचकर नवाबगंज पहुंचा जा सकता है। गुरुद्वारा साहिब में लंगर एव रिहायश की निशुल्क व्यवस्था की जाती है। वही समय-समय पर निशुल्क चिकित्सा शिविर भी आयोजित करके लोगों को लाभान्वित किया जाता है।

## लेफ्टीनेंट रोहित के आवास पर पहुँच राजेन्द्र पाल ने दी बधाई

गदरपुर(उद संवाददाता)। कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज एग्जाम पास करने के बाद रोहित के घर बधाई देने वालो का लगा तांता,मित्र क्षेत्रवासी,रिश्तेदार व जनप्रीतिनिधि ,समाजसेवियों पहुंच रहे सकैनिया स्थित रोहित के आवास पर। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीडी एस की परीक्षा पास कर लेफ्टीनेंट के पद पर चयन होकर घर पहुचे रोहित कम्बोज का ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत किया इसके बाद से रोहित के घर बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है इसी क्रम में आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र पाल



सिंह सकैनिया पुलिस चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार, कनकटा के ग्राम प्रधान गुरविंदर सिंह विर्क,शैलेन्द्र शर्मा,समाज सेवी अमन कम्बोज आज रोहित कंबोज के आवाज पर पहुंचे इस दौरान उन्होंने रोहित को पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। इस दौरान राजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि यदि कड़ी मेहनत और लगन से कोई भी काम आप करते हैं तो किसी भी मुकाम को हासिल करना मुश्किल है पर नामुमकिन नहीं । वही पुत्र की इस कामयाबी के लिए रोहित के पिता ताराचंद कम्बोज को शुभकामनाये दी।

## अनशन पर बैठी महिला कर्मचारियो को दिया समर्थन

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा दीपावली के दिन गांधी पार्क में अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठे डॉल्फिन कर्मचारियों से मिलने पहुंची, जहां उन्होंने डॉल्फिन कर्मचारियों, विशेषकर आमरण अनशन पर बैठी महिलाओं से मुलाकात की। यहां श्रीमती शर्मा ने प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि डॉल्फिन कर्मचारी पिछले कई माह से कंपनी की हठ धर्मिता के खिलाफ अनशन कर रहे थे, अब पिछले कुछ दिनों से महिलाएं डॉल्फिन कर्मचारियों के समर्थन में आमरण अनशन कर रही है, लेकिन शासन, और प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि पूरा देश जहां दीपावली का जश्न मना रहा है,वहीं डॉल्फिन कर्मचारी गांधी पार्क में अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए जूझ रहे हैं, और आमरण अनशन पर बैठे हैं। श्रीमती शर्मा ने कहा कि वह



अनदेखी के लिए सरकार की घोर निंदा करती है, उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी डॉल्फिन कर्मचारियों के समर्थन में 5 नवंबर को उनके साथ धरने पर बैठेंगी। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,प्रदेश सचिव कांग्रेस सेवादल रामाधारी गंगवार, नगर पालिका परिषद के पूर्व पार्षद काली चरण बाल्मिकी, सहित बड़ी संख्या में डॉल्फिन कर्मचारी उपस्थित थे ।

## अग्निकांड पीड़ितों से मिले विधायक शिव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। देर रात दीपवाली के पर्व पर श्याम टाकीज के सामने दो खोका दुकान मे पटाखों की चिंगारी से भीषण आग लग गयी, जिसमे देर रात ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, कड़ी मशकत के बाद आग पर काबू पाया तो वही आज सूचना के बाद विधायक शिव अरोरा ने घटना स्थल पहुंचकर पीड़ित से मुलाकात कर उनको हिम्मत बँधायी, तो वही दुकान स्वामी ने बताया की इसमें एक भोजनालय व उसमे सप्ताहिक बाजार लगाने सम्बधित लाखो का समान रखा था जो देखने मे आया की पूरी तरह खाक हों गया तो बगल मे नाई की दुकान भी इसकी चपेट मे आने से जल के खाक हों गयी , वही विधायक शिव अरोरा ने घटना की पूरी जानकारी लेने के बाद फायर विभाग के सीएफओ से दूरभाष पर वार्ता की ओर दोनों दुकान मे हुऐ नुकसान की रिपोर्ट तैयार करने को निर्देशित किया, साथ ही पटवारी को भी रिपोर्ट बनाने की बात कही।विधायक शिव अरोरा बोले दोनों विभाग की रिपोर्ट आने के बाद वह



मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे जिससे इस संकट की स्थिति से उभारने मे मदद मिले, विधायक शिव अरोरा ने बताया इनकी आजीविका इस दुकान के सहारे ही चलती है निश्चित रूप से दिवाली पर ऐसा संकट बहुत कष्ट का क्षण है।विधायक शिव अरोरा ने सरकार के माध्यम से हर सम्भव मदद का भरोसा दिया है।इस दौरान भाजपा महामंत्री राधेश शर्मा, पूर्व पार्षद बब्लू सागर, हरजीत राठी, वीरेंद्र तिवारी, के पी राठी, नन्दलाल शर्मा, संजय हलदार, मयंक कक्कड़, सुनील यादव, सोनू वर्मा, मनीष ग्रोवर व अन्य लोग मौजूद रहे।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## आपत्तिजनक टिप्पणियां

महाशक्ति कहे जाने वाले अमेरिका में लोकतंत्र बचाने के दावे के साथ जारी चुनावी जंग में दोनों पक्षों की भाषा ऐसे स्तर पर उतर गई लगती है, जिसमें खुद को श्रेष्ठ और दूसरे को हीन बताने के लिए कई बार आपत्तिजनक शब्दों का भी सहारा लिया जाने लगा है। यह किसी तीसरी दुनिया या पिछड़े कहे जाने वाले देश के राजनीतिक माहौल के संदर्भ में होता, तो उसकी वजहें समझी जा सकती थीं। मगर हैरानी की बात है कि अमेरिका जैसे सभ्य और विकसित माने जाने वाले देश में भी मुख्य प्रत्याशियों के बीच एक-दूसरे के खिलाफ जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है, वह लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुकूल नहीं है।गौरतलब है कि अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की ओर से न्यूयार्क की एक रैली में उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस के बारे में कुछ निजी और आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं। वहीं कमला हैरिस ने भी मुद्दों के बजाय ट्रंप को खतरनाक और राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य बताया। दोनों ही प्रत्याशी खुद को अमेरिका के लोकतंत्र का ज्यादा सक्षम और योग्य पहरुआ बता रहे हैं। सवाल है कि अमेरिका जैसे देश में इतने वर्षों के लोकतंत्र के बावजूद अब तक किस परंपरा का विकास हुआ है कि आज भी एक प्रत्याशी को दूसरे पर हावी होने के लिए जनता के हित से जुड़े मुद्दों पर बात करने के बजाय निजी हमलों और सनसनी फैलाने वाले आरोपों का सहारा लेना पड़ रहा है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि शीर्ष पदों पर बैठे, देश का नेतृत्व करते या उसके लिए दावेदारी करने वाले लोग जब जनता से संवाद करते हैं, तो उसमें मुद्दों पर बातें करने के लिए इस्तेमाल होने वाली भाषा का लोगों पर कैसा असर पड़ता है। लोगों के सोचने-समझने का स्तर भी कई बार मुख्यधारा के राजनीतिक माहौल से संचालित और निर्धारित होने लगता है। जबकि अगर अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दोनों मुख्य उम्मीदवार एक-दूसरे को कमतर ठहराने के लिए निम्नस्तरीय भाषा का इस्तेमाल करने के बजाय आम लोगों के हित से जुड़े मसलों के हल का खाका पेश करते, तो न केवल लोगों में एक परिपक्व समझ का विकास होता, बल्कि देश का लोकतंत्र भी मजबूत होता।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# साइबर ठगों का नया हथियार डिजिटल गिरफ्तारी

डिजिटल गिरफ्तारी आज कल चर्चा में है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में इस साइबर धोखाधड़ी के परिप्रेक्ष्य में चिंता जताते हुए इससे सतर्क रहने के उपाय भी बताए है। मोदी के भाषणों की प्रधानता होती है कि वे समस्या के साथ उससे सावधान रहने के गुर भी देते हैं। उन्होंने साइबर ठग और एक शिकार किए व्यक्ति के बीच हुए संवाद का ऑडियो भी सुनाया। इसके बाद उन्होंने रूकें, सोचें और एक्शन लें का विवेक बरतते हुए ठग से सामना करने को कहा। उन्होंने बताया कि हर उम्र और वर्ग के लोग डिजिटल गिरफ्तारी के चक्रव्यूह में फंसते देखे गए हैं। कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर लोगों को धमकाकर पैसे की मांग नहीं करती है। जबकि डिजिटल गिरफ्तारी के लिए फोन करने वाले खुद को पुलिस, सीबीआई, आरबीआई या नारकोटिक्स का अधिकारी बताते हैं और वे अत्यंत आत्मविश्वास के साथ बात करते हैं। आप उनकी बातों से डर गए तो उनका उद्देश्य पूरा हो जाता है। अभी तक साइबर ठग किसी व्यक्ति को फोन करके उनका आधार या एटीएम नंबर लेकर उनके खाते से धन उड़ाने के काम तक सीमित थे। लेकिन अब इन ठगों ने अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करते हुए बनावटी डिजिटल गिरफ्तारी की शुरूआत कर दी है। ये ठग पहले जिस व्यक्ति को ठगने का प्रयास कर रहे होते हैं, उसकी व्यक्तिगत जानकारी हासिल करते हैं। इस जानकारी में व्यक्ति की आर्थिक हैसियत बच्चों की जानकारी प्रमुख होते हैं। क्योंकि वे आपके जिस परिजन की गिरफ्तारी दिखाकर आपसे बात कर रहे होते हैं, वास्तव में वह गिरफ्तारी होती ही नहीं है। चूंकि वे कहीं से आपका मोबाइल नंबर कबाड़ लेते हैं और आपकी संतान की जानकारी उनके पास होती है। इसलिए फोन से संपर्क साधने के बाद यह ठग कहता है कि फलां विभाग का अधिकारी हूं, आपका बेटा हमने एक लड़की के साथ रंगरेलियां मनाते हुए गिरफ्तार कर लिया है। यदि आप चाहते हैं कि आपके बालक की गिरफ्तारी कानूनी तौर पर न हो तो तुरंत इतनी राशि का हस्तांतरण हमारे खाते में करो। अन्यथा उसे हथकड़ी डालकर अदालत में पेश करने




बालक से बात करने की कहते हैं तो वे किसी रोते-रिरियाते बालक की बोली, 'पापा मुझे बचा लो सुना देते हैं।' इस वार्तालाप में इतना डर पैदा कर देते हैं कि व्यक्ति का संयम डगमगा जाता है और वह सोचने-समझने का विवेक खो देता है। धनराशि देने का मोलभाव होता है और ठग अपना कोई बैंक खाता नंबर देकर राशि हड़प लेते हैं। ठगा व्यक्ति इज्जत बचा लेने पर ही संतोष कर चुप्पी साध लेता है। साइबर ठग रोजाना सैकड़ों लोगों को अंतर्जाल के जरिए फंसाकर सैकड़ों लोगों को ठग रहे हैं। कोरोना कालखंड में डिजिटल लेनदेन बढ़ने के साथ-साथ कई तरह के साइबर हमले भी बढ़ गए हैं। इन ठगों के हत्थे सरकारी अधिकारी व कर्मचारी, छोटे उद्योगपति और जनधन के खाताधारक भी निशाने पर हैं। फसल की आमद के समय किसानों को भी यह ठगने से नहीं चूकते। कह सकते हैं कि इनका दायरा बड़ा व्यापक है। इंडियन कंप्युटर इमेरजेंसी रेस्पॉन्स टीम (सीईआरटी-इन) के ताजा आध्यन के मुताबिक अकेले 2023 में ऐसे हमलों में 51 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि दर्शाती है कि साइबर ठगों के लिए ये हमले कितने आकर्शक और आसान हो गए है। खाते से पैसा निकालने का यह काम एक धोखाधड़ी के लिए निर्मित सॉफ्टवेयर रैंसमवेयर या मैलवेयर का उपयोग करते हैं। यह कंप्युटर को संक्रमित करके फाइलों को निकालने में सफल हो जाते हैं। इस सॉफ्टवेयर में एक साथ कई नेटवर्क को संक्रमित करने की क्षमता होती है। यह सॉफ्टवेयर सार्वजनिक सेवाओं के खातों में दखल देकर पैसा उड़ाने में सफल हो जाता है। यह कुछ समय के लिए वास्तविक खातेधारक का खाता भी लॉक करने में सक्षम होता है। यह भी आश्चर्य है कि एक ओर तो हम अपने आईटी विशेषज्ञों पर इस बात के लिए गर्व करते हैं कि उनकी मेधा का दुनिया लोहा मान रही है। लेकिन दूसरी तरफ हम देखते हैं कि वे न तो रैंसमवेयर जैसे सॉफ्टवेयर पर अंकुश लगा पा रहे हैं और न ही वे पोर्न फिल्मों पर अंकुश लगाने में सफल हुए है। यही कारण है कि भारतीय आईटी सिस्टम की कमजोरियों का फायदा लगभग कम पढ़े-लिखे साइबर ठग उठा रहे हैं। इसी का परिणाम है कि छोटे और माध्यम आकार के व्यापार इनके निशाने पर आसानी से आ जाते हैं। इसी साल जुलाई से लेकर अब तक इन ठगों ने 300 से ज्यादा बैंकों को ऑफलाइन रहने के लिए मजबूर किया है। नतीतजन बैंकों को अपनी जरूरी वित्तिय सेवाओं को लाखों ग्राहकों के लिए बंद रखने को मजबूर होना पड़ा है। इस कारण सितंबर माह में पहली बार यूपीआई लेनदेन सितंबर में पहली बार 1.5 करोड़ से ऊपर निकल गया था। साइबर ठगों के ज्यादातर मोबाइल नंबर दूसरे देशों के होते हैं, लेकिन इनकी विडंबना है कि ये देश के भीतर ही सक्रिय रहने वाले नंबर होते है। इनकी धमकियों में आकर जो लोग भयभीत होकर बचने के लिए इनके द्वारा बताए गए खातों में धनराशि भेज देते है, वे खाते भी देश में ही होते हैं। बावजूद यह हैरानी की बात है कि सुरक्षा एजेंसियां साइबर ठगों पर नकेल नहीं कस पा रही हैं और ये उच्च शिक्षित व उच्च पदस्थ लोगों को भी शिकार बनाने में कामयाब हो रहे हैं। इसी कारण प्रधानमंत्री देश की जनता को जागरूक बनाने का संदेश मन की बात कार्यक्रम के जरिए दिया है। इन देशों में सावधानी बरतने की हिदायत दी गई है। कोई भी सरकारी एजेंसी आधिकारिक संचार के लिए वाट्सअप या स्काइप जैसे प्लेटफार्म का उपयोग नहीं करती। जबकि ऑनलाइन ठग इन्हीं का इस्तेमाल करते हैं। ठग डिजिटल गिरफ्तारी के संदर्भ में फोन कॉल, ई-मेल से संदेश भेजते हैं। मनी लॉड्रिंग या चोरी जैसे अपराधों के तहत जांच के दायरे में आ गए हैं, जैसे संदेश देते हैं। ठग गिरफ्तारी या कानूनी कार्यवाही की धमकी देते हैं, उनके तर्कों से घबराकर व्यक्ति बैंक डिटेल या यूपीआई आईडी साझा कर देते है। भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम ने नसीहत देते हुए कहा है कि देश में ऑनलाइन ठगी के एक दर्जन से ज्यादा तरीके काम कर रहे हैं। अततः जागरूक रहते हुए विवेक से काम लेने की जरूरत है।

**प्रमोद भार्गव**
**( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं। )**

# एक्जिट पोल के अनुमान धराशायी होने से ब्यर्थ लगते एग्जिट पोल

निर्वाचन आयोग ने 288 विधानसभा सीटों वाले महाराष्ट्र और 81 विधानसभा सीटों वाले झारखंड में चुनाव की घोषणा कर दी है। महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा। जबकि झारखंड में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। नतीजे 23 नवंबर को घोषित होंगे। साथ ही 15 राज्यों की 48 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों पर 13 एवं 20 नवंबर को उपचुनाव होंगे। इनके नतीजे भी 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। केरल की चर्चित लोकसभा सीट वायनाड से कांग्रेस ने प्रियंका वाड्रा को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। यह सीट यहीं से चुने गए राहुल गांधी के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। राहुल वायनाड के साथ रायबरेली से भी चुनाव लड़े थे। दोनों जगह पर उन्होंने जीत हासिल की थी। इसलिए एक जगह से इस्तीफा देना जरूरी था। इन चुनावों की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने एग्जिट पोल पर देश के मीडिया को आत्मचिंतन करते हुए जिम्मेदारी से काम करने की जरूरत जताई है। साथ ही उन्होंने ईवीएम को मतदान के लिए पूरी तरह सुरक्षित बताया है। दरअसल उन्हें यह सफाई इसलिए देनी पड़ी, क्योंकि जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के परिणाम घोषित होने के बाद से ही एग्जिट पोल के आधार पर ईवीएम पर सवाल उठने लगे थे। इस बावत राजीव कुमार ने दो टूक कहा कि 'एग्जिट पोल बेमतलब है। उनका कोई अर्थ नहीं है। क्योंकि हाल के चुनावों में जो रुझान टीवी चौनलों पर शुरू में दिए गए वे पूरी तरह आधारहीन थे। जब आयोग की वेबसाइट पर साढ़े 9 बजे पहला रुझान दिया जाता है तो फिर टीवी चौनल मतगणना शुरू होने के 10-15 मिनट के भीतर कैसे रुझान शुरू कर सकते हैं ? इसका नतीजा यह होता है कि ये रुझान भी एग्जिट पोल की तरह गलत साबित होते है। हो सकता है कि संवादाता मतदान केंद्र के आसपास खबरें जुटाते हों, लेकिन उनकी खबरें जल्दी ही एकदम उलट कैसे जाती हैं। इसका मतलब है कि चौनल ऐसे रुझान दिखाकर सिर्फ अपने एग्जिट पोल को सही ठहराने का प्रयास करते है।' वाकई 2024 के लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल अनुमानों के विपरीत निकले। ज्यादातर सर्वेक्षण एजेंसियों ने राजग गठबंधन को बड़े बहुमत से आने का दावा किया था। लेकिन स्वयं भाजपा 240 सीटों पर सिमट गई है। यानी उसे स्वयं लोकसभा में बहुमत नहीं मिला। इधर हाल ही में जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव में भी एग्जिट पोल के अनुमान उल्टे पड़े हैं। हरियाणा में अनुमान कांग्रेस की भारी बहुमत से जीत दिखा रहे थे, लेकिन भाजपा ने 49 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया। अतएव विपक्ष ने एग्जिट पोल के आधार पर हरियाणा के




नतीजों पर ईवीएम के जरिए सवाल खड़े कर दिए। विडंबना है कि विपक्ष वहां तो हल्ला करता है, जहां से उसे हार का सामना करना पड़ता है, लेकिन वहां शांत रहता है, जहां से उसे जीत मिलती है। एक तरह से यह दोगले पन की राजनीति है। ढाई माह चले लोकसभा के चुनावी यज्ञ में मतदाताओं ने सात चरणों में तेज गर्मी के बावजूद अपने मत की आहुतियां दीं थीं। हालांकि 2019 की तुलना में सभी चरणों में मतदान कम रहा था। अकसर कम मतदान को चुनावी विश्लेषक सत्तारुढ़ दल के विरोध में मतदाता का होना बताते हैं। यही अनुकरण एग्जिटपोल करते हैं। इसीलिए मतदान के बाद एग्जिट पोल सर्वेक्षणों के खुलासे ने साफ कर दिया था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और मोदी व अमित शाह की युगल जोड़ी जमीन पर रणनीतिक सफलता हासिल करने जा रही है। इस बार मोदी की आक्रामक शैली ने हिंदु वोटों को पूरे देश में जबरदस्त ढंग से ध्रुवीकृत करने का काम किया है। जबकि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल चुनाव के दौरान भी मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति का खेल खेलते रहे। आंध्रप्रदेश और कर्नाटक में पिछड़े वर्ग के कोटे में मुसलमानों को आरक्षण देना महंगा पड़ा दिखाई देता है। मोदी ने इस मुद्दे को उछालकर न केवल इन प्रांतों में बल्कि पूरे देश में पिछड़े और अतिपिछडों को अपने संवैधानिक अधिकार के प्रति सचेत कर दिया है। नतीजतन इस वर्ग के मतदाताओं ने राजग को झोली भरकर वोट दिए हैं। इस मुद्दे को मोदी ने बंगाल में भी भुनाया है। इसी का परिणाम है कि 2019 में मिलीं 18 सीटों की तुलना में भाजपा को यहां 21 से 28 सीटें मिलने तक का अनुमान बताया था। राम मंदिर, धारा-370 और तीन तलाक जैसे मुद्दों ने सभी वर्ग के मतदाताओं को लुभाया है। दूसरे लाडली बहना, मुफ्त राशन, मुफ्त आवास, हर घर में नल से जल, स्वास्थ्य लाभ के लिए आयुष्मान योजना और स्त्री सुरक्षा के लिए शौचालय जैसी योजनाओं से मिले लाभ के चलते ग्रामीण मतदाता राजग के पक्ष में खुला खड़ा दिखाई दिया है। स्त्री मतदाता मोदी को चुनने में आगे दिखाई दे रही हैं। परंतु परिणाम आने के बाद सच्चाई से अवगत होने पर पता चला कि मीडिया की ये मुनादियां गलत साबित हुईं। 2019 की तुलना में मतदान कम रहने के बावजूद औसत मतदान 62 प्रतिशत से ऊपर रहा था। ये सर्वे यदि 4 जून को आने वाले वास्तविक नतीजों पर खरे उतरते तो राजग गठबंधन स्पष्ट बहुमत में आ जाता। यही नहीं ऐसा होता तो लोकसभा में बहुमत के लिए राजग को सहयोगियों की जरुरत नहीं पड़ती। ये अनुमान जता रहे थे कि दलित, वंचित और वनवासी मतदाताओं का जातिगत मतदान से मोहभंग हो रहा है और वे क्षेत्रीय संकीर्णता से मुक्त हो रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में इन्हीं वर्ग से रामनाथ कोविंद और द्रोपदी मुर्मु को राष्ट्रपति बनाया जाना भी भाजपा के पक्ष में परिणाम का जाना बता रहे थे। एग्लिट पोल के चुनावी विशेषज्ञ यह भी घोषित कर रहे थे कि धर्मनिरपेक्षता के पैरोकारों पर सनातन-सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हावी रहा है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल के प्रमुखों ने रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकराने का असर भी मतदाता पर पड़ा है। ऐसा लगता है,अब छद्म धर्मनिरपेक्षता का आवरण टूट रहा है। केवल बंगाल में ममता बनर्जी मुस्लिम मतदाताओं के तुष्टिकरण के इस छल का सहारा ले रही हैं। गौरतलब है कि इस बार बंगाल को फोकस करके भाजपा ने हमलावर रणनीति अपनाई है। नतीजतन जो वामपंथी एक समय कंधे पर लाल झंडा उठाए गौरव का अनुभव करते थे, वे भाजपा में शामिल होकर केसरिया झंडा थामे, जय-जय श्रीराम के नारे लगा रहे हैं। इन वामपंथियों ने जहां भाजपा को ताकत दी है, वहीं कम्युनिष्टों के रहे इस गढ़ को नेस्तनाबूद करने का काम भी कर दिया है। एक बार फिर यह मिथक बनता दिखाई दे रहा है कि उत्तर प्रदेश की राजनीतिक जमीन से ही प्रधानमंत्री का पद सृजित होगा। इसी मिथक को पुनर्स्थापित करने के लिए मोदी बनारस से चुनाव लड़े हैं। मोदी की यहां आमद ने पूरे पूर्वांचल को भगवा रंग में रंग दिया है। नतीजतन भाजपा यहां सर्वेक्षणों के अनुसार अच्छी स्थिति में है। स्पष्ट लग रहा है कि जवाहरलाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले हैं। किंतु परिणाम के बाद हमने देखा कि उप्र और बंगाल में मतदाता ने भाजपा को बड़ा झटका दिया और एग्जिट पोल के अनुमान धराशायी हुए। इससे लगता है कि राजीव कुमार ठीक ही कह रहे हैं कि एग्जिट पोल व्यर्थ की कवायद है।

# सेवानिवृत्त चार पुलिस कर्मियों को दी भावभीनी विदाई

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। अल्मोड़ा पुलिस परिवार ने सेवानिवृत्त हो रहे चार पुलिस कर्मियों को भावभीनी विदाई दी। एसएसपी ने सभी को फूल माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पिंचा की उपस्थिति में अपर उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसादविश्वकर्मा, अपर उप निरीक्षक अभिसूचना गिरीश चन्द्र सिंह नयाल, अपर उप निरीक्षक अशोक कुमार (ऐच्छिक सेवानिवृत्ति)तथा अपर उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र (ऐच्छिक सेवानिवृत्ति) के पुलिस विभाग से सेवानिवृत्ति के अवसर पर पुलिस लाईन सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी द्वारा अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया गया। एसएसपी ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी के पुलिस विभाग में नियुक्त रहते हुए उनके अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, मेहनत, लगन व ईमानदारी से किये गये कार्यो की सराहना की गयी और सेवानिवृत्त जीवन में अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने व स्वंय को व्यस्त रखते हुए अपने परिवार को समय देने हेतु प्रेरित किया गया। इसके उपरान्त उनको फूल माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। चारों सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों को वाहन में बिठाकर ससम्मान विदाई दी गई। अपर उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा द्वारा पुलिस विभाग में 36 वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी उप्र, 47 वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद उप्र, जीआरपी मुरादाबाद, जनपद देहरादून, चंपावत, अल्मोड़ा में नियुक्त रहते हुए 4 वर्ष 1 माह की दीर्घकालीन सेवा प्रदान की गयी। अपर उपनिरीक्षक अभिसूचना गिरीश चन्द्र सिंह नयाल द्वारा पुलिस विभाग में जनपद टास्क फोर्स पीलीभीत, जनपद नैनीताल, बागेश्वर,अल्मोड़ा में नियुक्त रहते हुए 40 वर्ष 5 माह 10 दिवस की दीर्घकालीन सेवा प्रदान की गयी। अपर उपनिरीक्षक अशोक कुमार द्वारा पुलिस विभाग में मेरठ, मुरादाबाद, जनपद उधमसिंह नगर, नैनीताल, बागेश्वर, अल्मोड़ा में नियुक्त रहते हुए 29 वर्ष 08 माह 14 दिवस की सेवा प्रदान की गयी। अपर उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र द्वारा पुलिस विभाग में 40 वाहिनी पीएसी हरिद्वार, जीआरपी, जनपद देहरादून, नैनीताल, हरिद्वार, चमोली, बागेश्वर, अल्मोड़ा में नियुक्त रहते हुए 30 वर्ष 1 माह 8 दिवस की सेवा प्रदान की गयी। विदाई समारोह का मंच संचालन अपर उनि दामोदर कापड़ी द्वारा किया गया। विदाई समारोह के अवसर पर सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद, सीएफओ नरेन्द्र कुंवर, सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण व सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी के परिजन मौजूद रहे।



# सीएम ने किए बाबा केदार के दर्शन

रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार सुबह केदारनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा केदार की पूजा-अर्चना की। और प्रदेश की खुशहाली के लिए की कामना की। मुख्यमंत्री धामी को अपने बीच पाकर श्रद्धालु उत्साहित दिखे। बाबा केदारनाथ के दर्शन करने के बाद सीएम धाामी ने कहा कि सनातन संस्कृति की महानता के प्रतीक, द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक श्री केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना कर बाबा केदार से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि व मंगल हेतु प्रार्थना की। इस दौरान देश भर से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं, स्थानीय दुकानदारों व सम्मानित पुरोहितगणों से बातचीत कर व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया। इस वर्ष आई आपदा के बाद भी प्रशासन द्वारा की गई बेहतर व्यवस्थाओं के फलस्वरुप केदारनाथ धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरी कार, महिला की मौत

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा में बीती रात सोमेश्वर क्षेत्र के अंतर्गत सिलारी क्षेत्र में एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि चार लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसा शुक्रवार रात का बताया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देर रात सूचना मिली थी कि हुण्डई आई 20 कार राजस्व क्षेत्र तहसील सोमेश्वर क्षेत्र के अंतर्गत सिलारी क्षेत्र में सड़क से लगभग 100 मीटर गहरी खाई मे जा गिरी। बताया जा रहा है कार रानीखेत से कौसानी की तरफ जा रही थी। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम ने 100 मीटर गहरी खाई से घायलों को बाहर निकाला। बताया जा रहा है हादसे के दौरान कार में पांच लोग सवार थे। पांचों घायलों को गोविन्द सिंह माहरा चिकित्सालय रानीखेत भिजवाया गया। जहां एक महिला को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उपचाराधीन घायलों को हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर किया गया है। प्रथम दृष्टया हादसे का कारण चालक को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। मृतक की पहचान क्रान्ति नेगी (36) पुत्री किशन सिंह नेगी निवासी कोटद्वार के रूप में हुई है। जबकि नील रावत (14) पुत्र नीलम, नीलम सिंह रावत (47) पुत्र फतेह सिंह रावत, नीतू रावत (43) पत्नी नीलम सिंह रावत निवासी देहरादून, अनिल सिंह नेगी (47) पुत्र किशन सिंह घायल हैं।



# दो दिन हर्षोल्लास व धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया दीपावली का पर्व,खूब हुई आतिशबाजी

## मंदिरों, घरों व प्रतिष्ठानों में हुई मां लक्ष्मी व श्री गणेश की पूजा, रंगबिरंगी रोशनी से गुलजार हुए भवन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दीपों का पर्व दीपावली इस वर्ष दो दिन हर्षोल्लास व धार्मिक अनुष्ठानों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सभी मंदिरों, घरों के साथ ही प्रतिष्ठानों में मां लक्ष्मी एवं श्री गणेश सहित अन्य देवी देवताओं की विधिविधान से पूजा अर्चनाकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान सभी भवनों को रंग बिरंगी रोशनी व फूॅलमालाओं से भव्य रूप से सजाया गया था। दोनों दिन रात्रि को जमकर आतिशबाजी भी छोड़कर खुशियां मनाई गईं। लोगों ने एक दूसरे को दीपावली की बधाई देते हुए उपहार भी दिये। इस वर्ष दीपावली पर्व को लेकर लोगों में काफी संशय बना रहा जिस कारण पर्वतीय समाज के अधिकांश लोगों ने 1 नवंम्बर को जबकि अन्य लोगों ने 31 अक्टूबर को ज्योतिषाचार्य के बताये मुहुर्त पर पूजा अर्चना कर दीपावली पर्व मनाया। दीपावली पर्व पर बाजारों में भी काफी रौनक बनी रही। लोगों ने जमकर जरूरत का सामान खरीदा। लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद रहा। बाजारों में लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने व यातायात सुचारू बनाये रखने के लिए पर्याप्त प्रबंध किया गये थे। साथ ही बाजारों में असमाजिक तत्वों पर भी पैनी निगाह रखी गई। वहीं दमकल विभाग भी अलर्ट मोड़ पर रहा। दीपावली के बाद आज मंदिरों में गोवर्धन पूजा की गई।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परिवार सहित प्रकाश के महापर्व दीपावली के पावन अवसर पर शासकीय आवास में सम्पूर्ण विधि-विधान के साथ समृद्धि की प्रदाता माँ लक्ष्मी एवं प्रथम पूज्य भगवान श्री गणपति का पूजन-अर्चन किया।


### सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम सरोजनी जैसवाल पत्नी स्व. सत्य प्रकाश जैसवाल SAROJNI JAISWAL WIFE OF LATE SATYA PRAKASH JAISWAL से बदलकर (सरोज पत्नी स्व. सत्य प्रकाश जैसवाल) SAROJ WIFE OF LATE SATYA PRAKASH JAISWAL रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे (सरोज पत्नी स्व. सत्य प्रकाश जैसवाल) SAROJ WIFE OF LATE SATYA PRAKASH JAISWAL के नाम से जाना जाये। सरोज पत्नी स्व. सत्य प्रकाश जैसवाल SAROJ WIFE OF LATE SATYA PRAKASH JAISWAL

**निवासी वर्तमान वार्ड नं. 01गदरपुर तहसील गदरपुर उधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)**


# पटाखे छोड़ने के दौरान दो पक्षों में हुई मारपीट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्पं पटाखे छोड़ने के दौरान दो पक्षों में मारपीट हो गई। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सुधीर कुमार पुत्र स्व. राजेन्द्र प्रसाद निवासी कृष्णा कालोनी वार्ड 2 ट्राजिट कैम्प ने कहा है कि 31 अक्टूबर की रात घर के बच्चे गेट के सामने रोड पर पटाखे जला रहे थे। तभी पडोसी भोला रस्तोगी, विपिन रस्तोगी उनसे गली गलौच करते हुए पटाखे जलाने को मना करने लगे। जब उनसे ऐसा करने को मना किया तो भोला रस्तोगी, विपिन स्स्तोगी, सुशील रस्तोगी, विक्की रस्तोगी आदि डंडा, सरिया से मारपीट करने लगे। उसके भाई विनोद को मारने के लिए घर घुस गए और परिजनों से मारपीट की। जिससे उसे व उसके भाई के सिर में गम्भीर चोट आई है। उक्त लोगो ने जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कांग्रेस ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

देहरादून(उद संवाददाता)। केदारनाथ उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की सिफारिश पर प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने पार्टी के नेताओं को चुनाव प्रचार में उतारा है। पार्टी के स्टार प्रचारकों में प्रदेश प्रभारी व अध्यक्ष समेत नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व सीएम हरीश रावत, प्रीतम सिंह, गुरदीप सिंह सप्पल, गणेश गोदियाल, सह प्रभारी परगट सिंह, सुरेंदर शर्मा, भुवन चंद्र कापड़ी, मनोज तिवारी, मदन सिंह बिष्ट, तिलक राज बेहड़, ममता राकेश, हरीश सिंह धामी, विक्रम सिंह नेगी, आदेश चौहान, गोपाल सिंह राणा, अनुपमा रावत, खुशाल सिंह अधिकारी, सुमित हृदयेश, रवि बहादुर, लखपत बुटोला, गोविंद सिंह कुंजवाल, नवप्रभात, हरक सिंह रावत, जीत राम, मंत्री प्रसाद नैथानी, प्रदीप टम्टा, महेंदर पाल, सुरेंद्र सिंह नेगी, शूरवीर सिंह सजवाण, रंजीत रावत, प्रकाश जोशी, ललित फर्स्वाण, सुमित्तर भुल्लर, विकास नेगी, ज्योति रौतेला, हेमा पुरोहित व सरिता नेगी को शामिल किया गया है।



# पेज एक का शेष...

**शीत काल के लिए बंद..**शुक्रवार को दीपोत्सव के साथ मां भगवती गंगा के गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। बताया कि कपाट बंद होने के बाद मां गंगा की उत्सव मूर्ति को डोली यात्रा के साथ शीतकालीन पड़ाव मुखबा लाया जाएगा। उधर, यमुनोत्री धाम में भी कपाट बंदी की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कल रविवार को यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होने के बाद मां यमुना की उत्सव मूर्ति खरसाली गांव के लिए रवाना होगी। जहां स्थित मां यमुना मंदिर में शीतकाल के दौरान श्रद्धालु मां यमुना के दर्शन व पूजा अर्चना कर सकेंगे। दोनों धामों के साथ शीतकालीन पड़ावों को फूलों से सजाया संवारा गया है। इधर यात्राकाल में दोनों धामों में शुक्रवार शाम तक 15 लाख 21 हजार 752 तीर्थयात्री पहुंच चुके हैं, जिसमें यमुनोत्री धाम में 7.10 लाख और गंगोत्री धाम आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 8.11 लाख है।

**मंदिरों में हुई...**द्वारा कार्तिक महात्म की कथा सुनाई गई। भगवान श्री कृष्ण के स्वरूप भगवान गोवर्धन की पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई। अंत में गोवर्धन भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरित हुआ। इस दौरान नन्दलाल भुड्डी, महेश बब्बर, तिलकराज घई, विजय जग्गा, सुरेश जग्गा, सुरेश राजदेव, राकेश राजदेव, बंटी ग्रोवर, करम चन्द, नरेश शर्मा, केवल बत्रा, राज तागरा, शशि अरोरा, आकांशा अनेजा, सीमा दुनेजा, सुदेश धींगरा, ललिता, किरन जग्गा, अमित अरोरा, चिराग कालड़ा, अश्विन बजाज, ओम प्रकाश अरोरा, आनन्द कुमार, रोहिताश बत्रा, रमेश मिड्ढा, शोभा मिड्ढा आदि मौजूद रहे। वहीं श्री शिव शक्ति मंदिर आदि मंदिरों में आज गोवर्धन पूजा की गई। इस दौरान मॉडल कालोनी श्री शिव मंदिर में पं. भैरव दत्त शर्मा, कमलेश कालरा,सीमा गुप्ता, ऊषा खुराना, उर्मिला अग्रवाल, निर्मला मित्तल, अनीता बत्रा, सरोज अरोरा, शकुन्तला सिंह, तुलसी साह, शोभा भनोट, सुषमा अग्रवाल, कांता रहेजा, सीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

**लूटपाट के लिए की...**गुमशुदगी की रिपोर्ट 30 अक्टूबर पंत नगर थाने में दर्ज कराई। 31अक्टूबर को सूचना मिली की शहीद चौक से ट्रांजिट कैंप को जाने वाले रास्ते के पास एक व्यक्ति का शव मिला है, जिसे मौके पर जाकर देखा तो उसके सिर व शरीर पर चोटें लगी है, मुझे पूरा यकीन है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके भाई की हत्या कर के शव को फैंक दिया गया है। पुलिस मृतक के भाई की तारीख के आधार पर हत्यारे का सुराग लगाने पर कार्य करने लगी । कई सीसीटीवी खंगालने के बाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आज हत्यारे तक अपनी पहुंच बनाते हुए हत्या करने वाले चंदन चौधरी पुत्र मोतीलाल निवासी वार्ड नंबर 9 खेड़ा रुद्रपुर को हत्या करने एवं लूट करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से नीरज से लूटा गया मोबाईल, एटीएम कार्ड भी बरामद कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी पूर्व में भी विभिन्न आपराधिक मामले में जेल जा चुका है तथा उस पर कई मुकदमे चल रहे हैं।

**सड़क हादसे में ...**रूप से घायल हो गई। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर धान के खेत में जा घुसा। लोगों ने मौके पर पहुंचकर कार चालक को पकड़ लिया। आनन फानन मे घायल संगीता को सितारगंज उप जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। संगीता सरकार शक्तिफार्म के एक निजी विद्यालय में आया का कार्य करती थी। करीब आठ साल पहले पति भी उन्हें छोड़कर कहीं चला गया। संगीता के चार बच्चे है,जिनमे तीन बेटिया और एक बेटा है। उनकी तीनों बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि इकलौता बेटा अविवाहित है और मजदूरी करता है। इस हादसे से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

**स्कूटी और बाईक..**हाइवे पर कट क्रास कर रहा था तो किच्छा की ओर से आ रही स्कूटी ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार के साथ ही बाइक सवार नरेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में दोनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान नरेंद्र की मृत्यु हो गई। सूचना पर एसआइ जितेंद्र कुमार पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। साथ ही शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

**जमीन धोखाधड़ी में..**जब प्रार्थी द्वारा पुन: बची हुई शेष भूमि की रजिस्ट्री करने का अनुरोध किया तो उक्त अनुज पाठक व पंकज पाठक द्वारा बहाने बनाने के बाद स्पष्ट रूप से रजिस्ट्री करने से इंकार कर दिया। उसी बीच दस्तावेजो का आवलोकन करने पर ज्ञात हुआ कि जिस भूमि की रजिस्ट्री अनुज पाठक व पंकज पाठक द्वारा उसके व उसके सहयोगी के पक्ष में विकय की जा चुकी है उसी भूमि के बीच में कुछ भूमि किसी अन्य व्यक्ति के नाम राज्यस्व अभिलेखो में दर्ज है उसे भी अपना बत्ताकर उसका कब्जा दे दिया गया। इस बात का खुलासा भी किसी भी रजिस्ट्री में नहीं किया गया। इकरारनामें के समय ही विक्रेता अनुज पाठक व पंकज पाठक द्वारा उसे भूमि के पिछले छोर तक पहुँचने के लिए एक 30 फुट चौडा रास्ता देने का आवश्वसन दिया गया था ऐसा नंही किया गया। उपरोक्त मामले में विक्रेता अनुज पाठक और पंकज पाठक से बात करनी चाही तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले के दोनों आरोपी भाईयों निवासी गणेशपुर पोस्ट नारायणपुर ट्रांजिट कैंप हाल निवासी आइडिया कालोनी लालपुर किच्छा को गिरफ्तार कर लिया है।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




## इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान, जहाँ विश्वास है विश्वास का साथ।

## हर ख्वाब को साकार करें, गुरु माँ के साथ

23% कैश बैक

अब LED TV मात्र ₹990 की मासिक किस्त में घर लायें

50% तक की छूट

1 आप फायनांस कराएं किस्त हम देंगे

0 ब्याजमुक्त फाइनेंस पर

मनपसंद उत्पाद घर ले जाएं शेष राशि आसान ब्याज मुक्त मासिक किस्तों पर सुरक्षा

BAJAJ FINSERV | HDB FINANCIAL SERVICES | HDFC BANK | SAMSUNG Finance+

गुरू माँ उत्पादों पर अतिरिक्त वारंटी @290/- से

आज का आज ! सबसे तेज डिलीवरी एवं इंस्टॉलेशन

पुराना लाएं नया ले जाएं

पुराने की अच्छी कीमत पर

### — सभी प्रतिष्ठित ब्रांड एक ही छत के नीचे उपलब्ध —

SAMSUNG | Whirlpool | SONY | IFB | VOLTAS | BOSCH | Haier | DAIKIN

MITSUBISHI ELECTRIC | AMSTRAD | SANSUI | PHILIPS | dyson | FABER | BLUE STAR

USHA | TOMASHI | Symphony | EUREKA FORBES | KENT | DELL | hp | JBL

### जैसे आपकी ख्वाहिशें, वैसी हमारी सेवाएं, सपनों को साकार करें

# गुरू माँ GURU MAA ELECTRONICS

**-रुद्रपुर-**

काशीपुर बाईपास (9690282777, 9756233166)

सिविल लाईन्स (9927882338), सोनी सेन्टर (9917170230)

**-काशीपुर-**

रामनगर रोड (8791989500)

चीमा चौराहा (9927813555

RUDRAPUR | HALDWANI | KASHIPUR | GADARPUR | MORADABAD | KICHHA | PITHORAGARH | LALKUAN | HARIDWAR